१९४८ - २०२२
शांति - सेवा - न्याय

आज़ादी का अमृत महोत्सव

शांति सेवा न्याय



किस्सा खाकी का

मासिक ई-न्यूज़लेटर

अगस्त 2022



संदेश

राकेश अस्थाना
आयुक्त, दिल्ली पुलिस

नमस्कार !

मैंने 28 जुलाई, 2021 को दिल्ली पुलिस आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया था। दिल्ली पुलिस से मेरा जुड़ाव बहुत गहरा और समृद्ध रहा। मेरे पास जो भी अनुभव थे वह मेरे कार्यकाल की इस यात्रा के प्रतिबिंब के रुप में आपके सामने थे।

कम्युनिटी पुलिसिंग और नागरिकों के साथ पुलिस के संबंधों में सुधार करना मेरा मुख्य उद्देश्य था। इसके साथ ही, पुलिसिंग का आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण करना मेरी प्राथमिकता रही, जिससे लोगों तक पुलिस की पहुंच बढ़ने में मदद मिली। हमने सोशल मीडिया के माध्यम से एक सक्रिय सूचना तंत्र की स्थापना की, जिससे एक सशक्त लोकतंत्र के महत्वपूर्ण हितधारकों, जिनमें दिल्ली पुलिस, मीडिया और हमारे नागरिक शामिल हैं उनके त्रिपक्षीय संबंधों में वृद्धि हुई।

सबसे बड़े महानगरीय बल की सेवा करने का यह अवसर मिलना मेरे लिए सम्मान की बात थी। दिल्ली पुलिस ने पिछले 75 वर्षों में कई ऐतिहासिक परिवर्तन और विकास देखे हैं और लगातार उत्कृष्ट उदाहरण स्थापित किए हैं। दिल्ली पुलिस की समृद्ध विरासत राष्ट्रीय राजधानी की सुरक्षा और शांति को सुनिश्चित करने के लिए सर्वोच्च नागरिक सेवाओं और बलिदानों के साथ चिह्नित है।

दिल्ली पुलिस के प्रत्येक सदस्यों ने इन उच्च मानकों को स्थापित करने में योगदान दिया है। पिछले एक साल में सभी उपलब्धियां हर एक पुलिसकर्मियों के योगदान और बलिदान का परिणाम हैं। दिल्ली के लोगों ने भी पुलिस बल को अपार प्रेम और समर्थन दिया है।

हम एक संस्था के नेतृत्वकर्ता के रूप में आते हैं और फिर चले जाते हैं, लेकिन संस्था बनी रहती है। हम जो भी काम करते हैं, वह संस्था की विरासत में जुड़ जाता है। मुझे उम्मीद है कि, पिछले एक साल में हमने जो भी पहल शुरु की है उसने पुलिस व्यवस्था को बेहतर बनाया है।

मुझे विश्वास है कि, सभी सदस्यों के बहुमूल्य योगदान के साथ यह विरासत हमेशा बनी रहेगी। मुझे इस बात की खुशी है कि, मैंने दिलेर दिल्ली पुलिस का नेतृत्व किया और इसके माध्यम से राष्ट्र की सेवा करके संतोष और गर्व का अनुभव किया। आप सभी को मेरी तरफ से भविष्य की शुभकामनाएं।

जय हिंद

सुर्खियां

दिल्ली पुलिस ने 'प्रथम कमिश्नरेट डे परेड' का आयोजन किया। दिल्ली के माननीय उपराज्यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना की मौजूदगी में कमिश्नरेट प्रणाली के वर्षगांठ की शुरुआत की गई।





माननीय प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप दिल्ली पुलिस स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही है। दिल्ली पुलिस की यह पहल तकनीकी रुप से मजबूत भविष्य के निर्माण के लिए दूरदर्शी साबित होगी।



माननीय प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप, दिल्ली पुलिस ने 'मिशन कर्मयोगी क्षमता निर्माण कार्यक्रम' शुरू किया। दिल्ली पुलिस मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय गृह सचिव श्री अजय कुमार भल्ला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर दिल्ली पुलिस आयुक्त श्री राकेश अस्थाना ने कहा कि, पुलिस–जनसंपर्क में सुधार के लिए 360 पुलिस कर्मियों को सॉफ्ट स्किल्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा जो आगे चलकर अन्य पुलिसकर्मियों के लिए मास्टर ट्रेनर बनेंगे।

सुर्खियां



दिल्ली पुलिस आयुक्त श्री राकेश अस्थाना ने पुलिस मुख्यालय में युनिफाइड डाटा रिपॉजिटरी 'वृत्तांत' का उद्घाटन किया। वृतांत दिल्ली पुलिस के वृहद कार्यों का एक स्मार्ट डिजिटल संग्रह है, जो पुलिसिंग सेवाओं को और उत्कृष्ट बनाने में अहम कड़ी साबित होगा।



दिल्ली पुलिस ने पिछले महीने सेवानिवृत्त हुए 1 स्पेशल सीपी और 7 ACsP को विदाई दी। दिल्ली पुलिस आयुक्त श्री राकेश अस्थाना ने उन्हें सम्मानित किया और उनके योगदान की सराहना की।



दिल्ली पुलिस ने राजधानी के विभिन्न स्थानों पर अत्याधुनिक एकीकृत सुविधा बूथ की शुरुआत की है। इन बूथ की मदद से नागरिकों की पुलिसकर्मियों तक पहुंच बढ़ेगी, जिससे शिकायतों का तत्काल निवारण किया जा सकेगा।

सुर्खियां



दिल्ली पुलिस ने राजधानी की सीमा पर अपराध को कम करने और यातायात नियमों का पालन बढ़ाने के लिए स्वचालित नंबर प्लेट पहचान (ANPR) कैमरे लगाए हैं। इससे वाहनों की नंबर प्लेट पढ़ने और पहचानने की क्षमता बढ़ेगी।



दिल्ली पुलिस आयुक्त श्री राकेश अस्थाना की उपस्थिति में 'रितु बेरी डिजाइन्स' के साथ एक MoU पर हस्ताक्षर किया गया। दिल्ली पुलिस की स्मारिका और कुछ यादगार वस्तुओं को नि:शुल्क डिजाइन करने के लिए यह अहम समझौता है।

दिल्ली पुलिस ने अपनी तरह की एक अनूठी पहल की शुरुआत की है। जिसके तहत दिल्ली पुलिस ने भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के साथ एक MoU साइन किया है। इसके जरिए इन–हाउस इनोवेशन हब बनाकर पुलिसिंग के आधुनिकीकरण समेत विभिन्न तकनीकी नवाचारों का मार्ग प्रशस्त होगा।



दिल्ली पुलिस कमिश्नरेट डे परेड

अपने पहले कमिश्नरेट दिवस के मौके पर दिल्ली पुलिस ने किंग्सवे कैंप ग्राउंड के नई पुलिस लाइन में एक औपचारिक परेड का आयोजन किया। दिल्ली के माननीय उपराज्यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना ने मुख्य अतिथि के तौर पर परेड की सलामी ली।

दिल्ली पुलिस आयुक्त श्री राकेश अस्थाना ने मुख्य अतिथि माननीय उपराज्यपाल और परेड कार्यक्रम में मौजूद अन्य गणमान्य लोगों का स्वागत किया। इस दौरान दिल्ली पुलिस के पदक विजेताओं और परेड में शामिल होने वाले पुलिसकर्मियों को बधाई दी।











कांवड़ यात्रा

कांवड़ यात्रा को सुगम बनाने के लिए दिल्ली पुलिस ने किए पुख्ता इंतजाम



कांवड़ यात्रा को लेकर दिल्ली पुलिस ने इस बार श्रद्धालुओं के लिए 'यात्री पंजीकरण' व्यवस्था की शुरुआत की। इसका उद्देश्य सभी श्रद्धालुओं का विवरण प्राप्त करना था जिससे आपातकालीन स्थिति में उन तक आसानी से सहायता पहुंच सके।

कांवड़ यात्रा के मद्देनजर अंतरराज्यीय सीमाओं पर सुरक्षा के लिहाज से दिल्ली पुलिस ने संबंधित राज्यों की पुलिस से समन्वय स्थापित किया। इसके लिए उत्तर–पूर्व डीसीपी कार्यालय में पूर्वी रेंज के अतिरिक्त सीपी की उपस्थिति में गाजियाबाद एसएसपी सहित कई अन्य अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।





कांवड़ यात्रा में श्रद्धालुओं के सुरक्षित और सुगम आवागमन के लिए दिल्ली पुलिस द्वारा रोडमैप तैयार किया गया। दिल्ली के विभिन्न रास्तों से निकलने वाली इस यात्रा को लेकर ट्रैफिक और जिला पुलिस ने कई तरह के इंतजाम किए।

सामुदायिक पुलिसिंग
जिला डायरी

दिल्ली पुलिस पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के साथ 'हरियाली उत्सव' समारोह में शामिल हुई। दिल्ली पुलिस ने रेंज के ज्वाइंट सीपी की उपस्थिति में सभी जिलों के 75 स्थानों पर विशाल वृक्षारोपण अभियान चलाया। अभियान में 104 चंदन के पेड़ सहित विभिन्न किस्मों के 10,956 पौधे लगाए गए।





उत्तर - पश्चिम

उत्तर पश्चिम जिले की अनूठी पहल 'तेजस्विनी' ने एक वर्ष पूरा कर लिया है। निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप महिलाओं के खिलाफ अपराध में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है।

सामुदायिक पुलिसिंग
जिला डायरी

आउटर

आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने आउटर जिले में बम निरोधक दस्ते के साथ मीटिंग की। बैठक का उद्देश्य उपकरणों की कार्यक्षमता की जांच करना, सार्वजनिक स्थानों पर उचित जांच करने के लिए टीम को निर्देश देना, लावारिस वस्तुओं के बारे में लोगों को जागरूक करने के साथ ही लोगों को पुलिस का आंख–कान बनने के लिए प्रोत्साहित करना था।



द्वारका

डीसीपी द्वारका की अध्यक्षता में मोहन गार्डन थाना इलाके में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां लगभग 70 लोगों की शिकायतें सुनी गईं और उनका समाधान किया गया।



आयोजन किस्सा खाकी का

पुलिस का पहरा



'किस्सा खाकी का' **25वां एपिसोड** दिल्ली पुलिस के जवानों की बहादुरी को बयां करता है, जो हर किसी के जीवन में खुशियां फैलाने की पूरी कोशिश करते हैं।

संदीप का साहस



'किस्सा खाकी का' **26वां एपिसोड** हेड कांस्टेबल संदीप की कहानी बताता है, जिन्होंने दिल्ली से लापता 52 बच्चों का पता लगाया और उन्हें उनके परिवारों से मिलाया।

रक्षक राकेश



'किस्सा खाकी का' के 27वें एपिसोड में हेड कांस्टेबल राकेश कुमार की बहादुरी की कहानी है, जिन्होंने आग में फंसे 16 लोगों को बचाया।

बूढ़ी आंखों की उम्मीद



'किस्सा खाकी का' के **28वें एपिसोड** में हमने बताया कि, कैसे दिल्ली पुलिस अकेले रह रहे बुजुर्ग नागरिकों की देखभाल करती है, उनकी सुरक्षा का ख्याल रखती है और उनके साथ क्वालिटी टाइम भी बिताती है।

जांबाज इंस्पेक्टर



'किस्सा खाकी का' के **29वें एपिसोड** में इंस्पेक्टर विकास की कहानी है, जिन्होंने 336 अपराधियों को गिरफ्तार किया था। उन्हें 'उत्कर्ष पदक' और 'असाधारण सेवा पुरस्कार' से सम्मानित किया जा चुका है।

आयोजन

आस्क मी एनीथिंग



एडिशनल डीसीपी–1 अनीता रॉय (उत्तरी जिला) और सुमन नलवा (डीसीपी, पीआरओ एवं विशेष शाखा) के साथ दिल्ली पुलिस का इंटरैक्टिव ट्विटर लाइव 'आस्क मी एनीथिंग' सत्र आयोजित किया गया। यह घरेलू हिंसा के पहलुओं को रोकने के तरीकों पर केंद्रित था।

दिल्ली पुलिस की गतिविधियां



पुलिस फैमिलीस वेलफेयर सोसाइटी (PFWS) ने एक त्रैमासिक पत्रिका शुरू की, जो संगठन द्वारा आयोजित सभी कार्यक्रमों और समारोहों का एक सिंहावलोकन है।

यह PFWS द्वारा मनाए जाने वाले महत्वपूर्ण दिवसों जैसे कि, विश्व साइकिल दिवस, विश्व पर्यावरण दिवस, विश्व रक्तदाता दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जैसे महत्वपूर्ण दिनों के बारे में जागरूकता फैलाने में मदद करता है।

पुलिस फैमिलीस वेलफेयर सोसाइटी (PFWS) ने दिल्ली पुलिस कर्मियों के परिवारों के लिए एक लिफाफा बनाने का सत्र आयोजित किया। सत्र बहुत रोचक रहा जिसमें सभी ने बढ़–चढ़ के हिस्सा लिया।



दिल्ली पुलिस की गतिविधियां



पुलिस फैमिलीस वेलफेयर सोसाइटी (PFWS) और आईपीएस वाइफ्स वेलफेयर एसोसिएशन ने BSF ऑफिसर्स मेस में उत्सव मिलन का आयोजन किया, जिसमें PFWS की आत्मनिर्भर और कुशल महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को प्रदर्शित किया गया।

विश्व जनसंख्या दिवस पर पुलिस फैमिलीस वेलफेयर सोसाइटी (PFWS) के द्वारका कल्याण केंद्र में पुलिस परिवारों के बच्चों ने हिन्दी वाद–विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया।



विदाई के मुख्य अंश

दिल्ली पुलिस ने अपने आयुक्त श्री राकेश अस्थाना जी को भावभीनी विदाई दी। श्री राकेश अस्थाना जी का कार्यकाल 28 जुलाई 2021 से 31 जुलाई 2022 तक रहा। कार्यकाल की समाप्ति पर दिल्ली पुलिस की तरफ से राकेश अस्थाना जी के सम्मान में न्यू पुलिस लाइन्स, किंग्सवे कैंप में परेड समारोह का आयोजन किया गया। इसके बाद दिल्ली पुलिस के नए मुख्यालय में विदाई समारोह संपन्न हुआ।








Delhi Police
@DelhiPolice · Jul 31
Outgoing Commissioner of Police, Delhi, Shri Rakesh Asthana @CPDelhi takes salute during the Farewell Ceremonial Parade, at New Police Lines
#DelhiPoliceUpdates




DL 1CT 3058

शांति सेवा न्याय

संरक्षक

राकेश अस्थाना

आयुक्त, दिल्ली पुलिस

संचार टीम

सुमन नलवा

उपायुक्त (स्पेशल ब्रांच व पीआरओ)

रचनात्मक सहयोग

आख्या इंडिया

सोशल मीडिया सलाहकार, दिल्ली पुलिस

संपर्क करें

सोशल मीडिया सेंटर

कमरा नं: 1408, 14वीं मंजिल

पुलिस मुख्यालय, जय सिंह मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली